राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com


# सांसद ने महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन



कानपुर देहात : स्मार्टफोन के साथ छात्र-छात्राएं व मौजूद सांसद देवेंद्र सिंह भोले जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला आदि।

कानपुर देहात (एसएनबी)। रनियां स्थित कुंदन लाल शुक्ल महाविद्यालय व केएलएस कालेज में छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गए, जिन्हें पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

गुरुवार को रनियां स्थित कुंदन लाल शुक्ला महाविद्यालय में स्मार्टफोन का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला कालेज प्रबंधक डा. सतीश शुक्ल, कन्हैया कुशवाहा, मनोज शुक्ला लाला, विनय प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विकाश मिश्रा कालेज प्राचार्य डा. झलकेश्वर तिवारी व डा. कामता प्रसाद ने सरस्वती प्रतिमा पुष्पांजलि, दीप प्रवज्वलन कर किया। कालेज प्रबंधक डा. सतीश शुक्ल ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर मोमेंटो से सम्मान किया व कालेज के प्राचार्य डा. झलकेश्वर तिवारी व डा. कामता प्रसाद ने मंच में बैठे पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद दोनों कालेजों के छात्र-छात्राओं को 1102 स्मार्ट फोन वितरित किए गए। मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि ग्रेजुएशन पास कर चुके जिन छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन मिल रहा है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं डिजटल एजुकेशन की ओर जागरूक हो रही है इन्ही उद्देश्यों से सरकार हर साल अपने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण कर रही है जो छात्र के परिवार आर्थिक रूप से कमजोर वो फोन नही ले सकता है सरकार उन सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण कर रही है जिससे हर वर्ग के परिवार का बच्चा जागरूक हो सके। इस दौरान डा. रोहिताश, डा. आनन्द मिश्रा, सोनम राजावत, भूपेंद्र सिंह, रोहन सिंह, राकेश दिवाकर, रामग्या जी, संदीप यादव, हर्ष सैनी, शिव गुलाम, मोहित यादव, पवन शुक्ला, अमित कुमार, अरविंद चौहान, आरपी यादव, तविश रज्जाक, अनुराग मिश्रा, डा. आशीष यादव, रजनी शुक्ला, डा. रेनू शुक्ला, कल्पना पांडेय, प्रियंका दुबे, निशा, अमरजीत सिंह, गिरिजेश दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।



शि
स
शिव
शिव
प्रति
अभि
बालि
इसके
मान
सक
शिव
विद्य
उद्द
शिक्ष
शिक्ष
खेल
अति
पुरस
गया
एवं
अर्प


वितरण





केएलएस कालेज रनियां में आयोजित रोजगार मेले में सरस्वती प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित करते प्लेसमेंट सेल प्रभारी डा० प्रभात द्विवेदी, सह प्रभारी डा० प्रशान्त त्रिवेदी, प्रबंधक डा० सतीश शुक्ल, प्राचार्य डा० ज्ञानकेश्वर तिवारी, डा० कामता प्रसाद, डा० रोहिताश, संदीप यादव, भूपेंद्र सिंह, रोहन सिंह, प्राचार्य डा० ज्ञानकेश्वर तिवारी, प्लेसमेंट प्रभारी प्रभात द्विवेदी को प्रतीक चिह्न देते हुए, डा० प्रशान्त त्रिवेदी, प्रबंधक डा० सतीश शुक्ल एवं मेला संगोष्ठी को संबोधित करते डा० प्रभात द्विवेदी मंच में डा० प्रशान्त त्रिवेदी, डा० सतीश शुक्ल, डा० ज्ञानकेश्वर तिवारी व डा० कामता प्रसाद व मेले में रोजगार के लिए विद्यार्थियों की काउंसिलिंग करती टीम, छाया: आज।

# केएलएस कालेज रनियां के रोजगार मेले में ३९० छात्र-छात्राएं चयनित

## विश्वविद्यालय के कुलपति पाठक के कुशल नेतृत्व में प्लेसमेंट प्रभारी डा० द्विवेदी की उपस्थिति में हुआ आयोजन, केएलएस महाविद्यालय प्रबंधक डा० सतीश शुक्ला के प्रयास सफल, प्राचार्य डा० त्रिपाठी ने किया अतिथियों का स्वागत

(आज समाचार सेवा)।

रनियां (कानपुर देहात), १४ अक्टूबर। शनिवार को सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक के कुशल नेतृत्व एवं सर्वांगीण सोच के तहत प्लेसमेंट को कानपुर नगर व कानपुर देहात के हर कालेज में पहुंचाने के क्रम में आसार प्लेसमेंट प्रभारी डा० प्रभात द्विवेदी एवं प्लेसमेंट सहप्रभारी डा0 प्रशांत त्रिवेदी के कुशल निर्देशन में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के द्वारा के0एल0एस0 कालेज, रनियां में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर प्लेसमेंट प्रभारी डा0 प्रभात द्विवेदी, प्लेसमेंट सहप्रभारी डा0 प्रशांत त्रिवेदी व कालेज प्रबंधक डा० सतीश शुक्ल, प्राचार्य डा0 ज्ञानकेश तिवारी, डा० कामता प्रसाद द्वारा किया गया।

रोजगार मेले में के0एल0एस0 कालेज के 1100 छात्र-छात्राओं ने अति उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, जिसमें 390 छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। प्रबंधक डा० सतीश शुक्ला ने कहाकि रोजगार मेले उन छात्र-छात्राओं के लिए बहुत हितकारी रहेगी जिनको इस जॉब की आवश्यकता है तथा कालेज आगे भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करवाता रहेगा व छात्र-छात्राएं संघर्ष करने से न डरे और मिले हुए अवसर का आगे बढ़कर हिस्सा ले। इस अवसर पर प्लेसमेंट प्रभारी डा० प्रभात द्विवेदी ने उपस्थित कम्पनी प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया एवं छात्र छात्राओं के उत्साह की सराहना की तथा छात्र-छात्राओं से कहाकि आप सभी लोग आत्मविश्वास दृढ़ता एवं पूरे मनोबल के साथ बिना किसी झिझक के कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर साक्षात्कार दें और किसी भी कम्पनी में अपनी जॉब पक्की करें। उन्होंने यह भी कहाकि रोजगार पाकर सभी छात्र-छात्राएं आगे बढ़ें, अपने माता-पिता की सेवा करें तथा समाज के उत्थान के लिए सतत् प्रयास करते रहें। जो छात्र-छात्राएं कैम्पस ड्राइव में हिस्सा ले रहे है वो आगे बढ़कर देश के सर्वांगीण विकास में भागीदार बने व देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान करें 7 अगर चयन न हो तो निराश न हो और इस अवसर के अनुभव से सीख का पुन: प्रयास करें। जिन छात्र-छात्राओं का चयन इस कैम्पस ड्राइव में नहीं होता है तो वह निराश न हों क्योंकि कानपुर विश्वविद्यालय आपके लिए आगे और भी अवसर उपलब्ध करवाने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर डा० कामता प्रसाद, अरविंद पांडेय, डा० रोहताश, रोहन सिंह, मोहित यादव, पवन दुबे, अनुराग मिश्र, भूपेंद्र सिंह, कल्पना पांडेय, डा० रेखा, डा० रेनू शुक्ला, कल्पना पांडेय, सोनम राजावत, रजनी शुक्ला, राकेश दिवाकर, रमाज्ञा प्रसाद, राम प्रकाश यादव, संदीप यादव, डा० आनंद मिश्र, तौसिफ रज्जाक, हर्षित सैनी, अमरजीत सिंह, गोविंद, गिरिजेश दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।




ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रदान करने वाले प्रतिभागी।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां

रनियां। रनियां के कुंदन लाल शुक्ल महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के चेयरमैन डॉ.सतीश शुक्ल व मुख्य अतिथि प्रो. रसिका शुक्ला व प्राचार्य डॉ.झलकेश्वर तिवारी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिक्षा उन्नयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान संरक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल, डॉ.कामता प्रसाद, अरविंद पांडेय,डॉ. रोहतास,दीपक राना आदि मौजूद रहे।

NEWS

# के.एल.एस कालेज में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

Samaytoday • 28 mins ago 0 27

1 minute read



# केएसएल महाविद्यालय में सतीश शुक्ला परिवार ने किया रूद्राभिषेक



रनियां केएलएस कॉलेज में भोले बाबा का महा रुद्राभिषेक करते प्रबंधक डॉ० सतीश शुक्ला एवं शिक्षकगण, छाया:आज।

(आज समाचार सेवा)

रनियां (कानपुर देहात), १२ अगस्त। सावन माह के पवित्र महीने में भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए जगह-जगह रुद्राभिषेक शिव महापुराण एवं अन्य कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में रनियां के प्रतिष्ठित केएलयस कॉलेज में प्रबंधक डा० सतीश शुक्ला द्वारा महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम कराया गया, जिसमें भोले बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। विद्वान आचार्य द्वारा विधि-विधान से महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान ओम नम: शिवाय एवं भोले बाबा के जयकारों से विद्यालय परिसर भक्ति में हो गया। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा० झलकंधर तिवारी, कामता प्रसाद शर्मा, डा० रोहतास, अरविंद पांडे, रोहन सिंह, मोहित यादव, कल्पना पांडे, डा० रेनू शुक्ला, सोनम राजावत, रजनी शुक्ला, राकेश दिवाकर, संदीप यादव, राम प्रकाश यादव, हर्ष सैनी, अमरजीत सिंह, गिरजेश दीक्षित, पवन दुबे, दीपक राणा आदि लोग मौजूद रहे। प्रबंधक डॉ० सतीश शुक्ला ने कहाकि सावन माह में जो भक्त भोले बाबा का भी विधान से पूजन करते हैं तो बाबा उन पर अपनी कृपा बरसाते हैं।